हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

06 वार्षिक श्रीरामलीला मेले का फीता काटकर...



07 'अधिकारी न सुने, अच्छे से बात न करें तो मुझको फोन...






## खबर संक्षेप

### केंद्रीय अधिकारियों का भ्रमण आज

**विदिशा।** केन्द्रीय अवर सचिव स्तर के अधिकारियों का 6 सदस्यीय दल शुक्रवार को विदिशा जिले का भ्रमण करेगा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि यह दल जिले में क्रियान्वित केन्द्रीय एवं राज्य शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का अध्ययन करेगा।

### आज निकलेगी झंडा यात्रा, होगा भूमिपूजन

**विदिशा।** नर्मदा बस्ती में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को झंडा यात्रा एवं भूमिपूजन किया जाएगा। झंडा यात्रा सुबह 10:30 बजे रायपुरा स्कूल से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे बंगला घाट पर भूमिपूजन होगा। उल्लेखनीय है कि नर्मदा बस्ती का हिंदू सम्मेलन 4 जनवरी को बंगला घाट पर होगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा आयोजन समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

### 12 को हिंदू सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

**अहमदपुर।** गुरुवार को लक्ष्मी नगर अहमदपुर खंड के ग्राम डंगरवाड़ा में संघ शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में डंगरवाड़ा मंडल के 12 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिला कार्यवाह गुलाब सिंह



कुशवाह ने संघ एवं हिंदू सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला। भारतीय मजदूर संघ के जिला महामंत्री लखन सिंह जाट ने तैयारी एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्नत कृषक रघुवीर मीणा ने धन संग्रह व्यवस्था तय की। विहिप एवं बजरंग दल के राजकुमार मीना ने प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी ली। बैठक में अनेक स्वयंसेवक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### राममोहन पारासर बने भोपाल संभाग अध्यक्ष



**लटेरी।** राष्ट्रीय सनातन सेना भारत ने अपनी संगठनात्मक शक्ति का विस्तार करते हुए लटेरी के वरिष्ठ भाजपा नेता राममोहन पारासर को भोपाल संभाग के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अब संभाग अध्यक्ष राममोहन पारासर एवं संभाग संयोजक ब्रजमोहन शर्मा की अनुभवी जोड़ी भोपाल संभाग के सभी पांचों जिलों में संगठन का विस्तार करेगी।

### आज विदिशा आएंगे साक्षी जी महाराज

**विदिशा।** उन्नाव से सांसद महामंडलेश्वर साक्षी महाराज शुक्रवार को विदिशा आएंगे। सुबह 8 बजे संकटमोचन हनुमान मंदिर रंगई पर आगमन होगा। 8.30 बजे बांके बिहारी एसोसिएट्स कार्यालय शहीद ज्योति स्तंभ पर पहुंचेंगे।

# आज हड़ताल स्थगित कर सकते हैं भाजपा के पार्षद, सोमवार से बनेगी मुख्य सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लगातार 45 दिन से धरने पर बैठे भाजपा पार्षद शुक्रवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित कर सकते हैं, लेकिन खत्म नहीं करेंगे।

पार्षदों की सबसे अहम मांग मेन रोड पर डामरीकरण की थी जिसे मान लिया गया है, माधवगंज से रामलीला तक डामर की सड़क बनाई जाएगी। इसके लिए मटेरियल भी आ चुका है और सोमवार से काम शुरू होने जा रहा है। पार्षद धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा और भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा के साथ बैठक के बाद उनकी इस मांग को माना गया है और सोमवार से काम शुरू कराने की बात कही है, इसलिए धरना स्थगित किया जा रहा है। पार्षद अशोक जाट, जमना कुशवाह, राजेश लोधी, डॉ संतोष जैन मौजूद रहे। पार्षदों का कहना है कि काम रुका तो हम फिर से धरने पर बैठ जाएंगे। धरना स्थगित है, समाप्त नहीं किया है।



विदिशा। 45 दिन से नीमताल गांधी प्रतिमा पर धरने पर बैठे हैं भाजपा के पार्षद।

## सड़क निर्माण के लिए मटेरियल आया

शहर की मुख्य सड़क के निर्माण के लिए मटेरियल आ चुका है। वहीं अन्य उखड़ी पड़ी सड़कों का निर्माण भी शुरू हो गया है। बांसकुली की मुख्य सड़क पर डामर की एक लेयर डाली जा चुकी है। वहीं बड़ा बाजार से आर्य समाज मंदिर होते हुए शिवाजी चौक तक भी एक लेयर का काम पूरा हो चुका है। विगत दिनों नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने निर्माण कार्य का जायजा लेकर गुणवत्ता की भी जांच की थी।



## बायपास पर एक निजी होटल में प्रार्थना सभा के दौरान हुआ हंगामा

# होटल में हिंदू धर्म के लोगों के हाथों में बाइबल देख भड़के बजरंग दल कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गुरुवार को एक निजी होटल में क्रिसमस के दौरान हिंदू धर्म की महिलाएं प्रार्थना सभा में शामिल हुईं। तभी वहां बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए। होटले में हंगामे और धर्मांतरण की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध को देखते हुए प्रार्थना सभा कर रहे लोगों को थाने लाया गया। बजरंग दल कार्यकर्ता भी थाने पहुंच गए और थाने में नारेबाजी कर कार्यक्रम आयोजकों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। मामला धर्मांतरण से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने पुलिस ने दोनों पक्ष की शिकायतें सुनी।

बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कहा कि होटल में चल रहे कार्यक्रम में लोगों को भोजन और अन्य सुविधाओं का लालच देकर बुलाया गया था, ताकि उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।



विदिशा। थाने पहुंचकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने की कार्रवाई की मांग।



विदिशा। होटल में प्रार्थना सभा कर रहे लोगों को पुलिस ने थाने बुलाया।

### प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराना बर्दाश्त नहीं करेंगे: मंत्री सारंग

इस घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी सामने आई है। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रदेश में प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि जांच में ऐसे तथ्य सामने आते हैं तो दोषियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में शामिल कुछ हिंदू महिलाओं से बातचीत में यह बात भी सामने आई कि उन्होंने पूर्व में ईसाई धर्म अपना लिया है। हालांकि वे सामाजिक रूप से हिंदू परंपराओं के अनुसार रह रही हैं, लेकिन स्वयं को ईसाई मानने लगी हैं।

### थाने में कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी, होगी जांच

विवाद बढ़ने के बाद पुलिस ने हस्तक्षेप किया। सिविल लाइन थाने परिसर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं होटल संचालक ने स्पष्ट किया कि उन्होंने केवल कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्थान उपलब्ध कराया था और कार्यक्रम की प्रवृति की जानकारी उन्हें पहले से नहीं थी। होटल संचालक का कहना है कि उन्होंने किसी भी प्रकार के प्रलोभन के जरिए धर्मांतरण का समर्थन नहीं किया और स्थिति बिगड़ती देख स्वयं पुलिस को सूचना दी थी।

### हिंदू लोगों के हाथों में बाइबल थी

संगठन का दावा है कि कार्यक्रम स्थल पर हिंदू लोगों के हाथों में बाइबल थी और वहां धार्मिक गतिविधियां की जा रही थीं। बजरंग दल ने पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### मामले की जांच करा रहे

एक होटले में चल रहे कार्यक्रम के दौरान विवाद की स्थित निर्मित हो गई थी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को धर्मांतरण से संबंधित बताया है। दोनों पक्षों को थाने बुलाकर सुना गया है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जांच में बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। - **अतुल सिंह,** सीएसपी विदिशा।

## न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ का 4 मंजिला कार्यालय बनेगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला न्यायालय के नवीन परिषर में अब अभिभाषक संघ के लिए भी जगह आवंटित हो गई है। हाईकोर्ट जबलपुर के दखल के बार विदिशा के नवीन परिसर में करीब 3800 वर्गफिट जगह दी गई है। इसमें से ढाई हजार वर्गफिट जगह पर 4 मंजिला भवन का निर्माण किया जाएगा। सीढ़ियों के साथ लिफ्ट भी रहेगी। प्रत्येक फ्लोर पर तमाम सुविधाओं के साथ 1 हजार 600 वर्गफिट का हाल बनाया जाएगा।

बुधवार को जबलपुर उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ती आनंद सिंह बहरावत ने अभिभाषक संघ के नवीन भवन का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम, विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा, जबलपुर अभिभाषक संघ अध्यक्ष धन्यकुमार जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार जैन सहित विदिशा अभिभाषक संघ अध्यक्ष संतोष शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता नथन सिंह राजपूत एवं देवेंद्र श्रीवास्तव मंचासीन रहे। ऑडिटोरियम में संपन्न हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि नवीन न्यायालय परिसर में बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने से अधिवक्ता परेशानी से जूझ रहे थे। चार मंजिला भवन बनने में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत का अनुमान है।

नवीन न्यायालय परिसर के एक भवन में रिकार्ड रूम के ऊपर सेकेंड फ्लोर पर करीब 4500 वर्गफिट जगह आवंटित की गई है, जो कि पर्याप्त नहीं है। अब इसके पास ही अभिभाषक संघ का भवन बनाया जाएगा। सेकेंड फ्लोर को ब्रिज बनाकर जोड़ जाएगा। अभिभाषक संघ के सचिव राजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि अब एडवोकेट को बैठने के लिए जगह की समस्या का समाधान होगा।

### चितौरिया में रास्ता विवाद खत्म कराया

**विदिशा।** विदिशा तहसील के ग्राम चितौरिया में खेत तक पहुंच मार्ग को लेकर उत्पन्न विवाद का प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही समाधान करा दिया। नायब तहसीलदार ओम बघेल द्वारा स्थल पर पहुंचकर संबंधित किसानों एवं ग्रामीणों से चर्चा की गई और आपसी सुलह के माध्यम से रास्ता विवाद का शांतिपूर्ण निराकरण किया गया। प्रकरण में प्रार्थी लाखन सिंह पुत्र गिरवर सिंह निवासी ग्राम चितौरिया द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी। उन्होंने बताया कि उनकी कृषि भूमि सौरभ सिंह, सरदार सिंह एवं विद्याबाई रघुवंशी की भूमि से लगी हुई है। खेत तक जाने का रास्ता पूर्व से था, लेकिन संबंधित कृषकों की भूमि शासकीय अधिग्रहण में चली जाने एवं मुआवजा प्राप्त हो जाने के बावजूद उनके द्वारा कब्जा बनाए रखते हुए रास्ता बंद कर दिया गया था। इससे प्रार्थी को कृषि कार्य में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

## दूसरी सूची में 159 प्राथमिक शिक्षकों को मिली क्रमोन्नति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शिक्षा विभाग ने 12 साल की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले शिक्षकों की क्रमोन्नत सूची जारी कर दी है। इससे पहले एक सूची जारी की जा चुकी है। दूसरी सूची में

159 प्राथमिक शिक्षकों की 12 वर्ष पूर्ण होने पर क्रमोन्नति दी गई है। यह सूची जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी की गई। शेष रहे शिक्षकों की सूची शीघ्र ही जारी कर दी जाएगी। इस दौरान देवेंद्र सैनी, महेंद्र रघुवंशी, कृष्णकुमार कापसे, अजय शर्मा नितिन सोहित, अमित जैन, आशीष जैन, मौसमी चौधरी, मुकेश त्रिपाठी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शिक्षकों की सूची काफी देरी से जारी हुई थी और 12 साल की जगह शिक्षकों को 16 साल का समय बीत गया था, लेकिन अब डाटा समय पर उपलब्ध होने के कारण तत्काली सूची जारी की जा रही है।

### ओटीपी आई और खाते से गायब हुए 46 हजार

**विदिशा।** आरएमपी नगर निवासी हल्केश बघेल ने साइबर सेल और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके मोबाइल पर लगातार अलग-अलग ओटीपी आ रहे थे। सुबह भी ओटीपी आने के बाद उनके बैंक खाते से अलग-अलग समय पर राशि निकलती गई। ठगों ने उनके खाते से कुल 46 हजार रुपए से अधिक की रकम निकाल ली। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### भाजपाइयों ने अटल उद्यान में किया पौधरोपण

**विदिशा।** अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर अटल पार्क में विधायक मुकेश टंडन ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक टंडन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के विचार, आदर्श और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## भारतीय किसान संघ की जिला बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार

# किसानों की समस्याओं पर मंथन: गेहूं समर्थन मूल्य 2700 करने मांग, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गुरुवार को भारतीय किसान संघ की जिला बैठक नवीन कृषि उपज मंडी मिर्जापुर में हुई।

बैठक में संगठनात्मक विस्तार करते हुए जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन की अनुशंसा पर विदिशा जिले के प्रभारी एवं प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख राहुल धूत द्वारा मिथिलेश अग्रवाल को जिला संयोजिका तथा रेखा दुबे को जिला सह संयोजिका नियुक्त किया गया। वहीं कुसुम यादव को गंजबासौदा तहसील की संयुक्त संयोजिका का दायित्व सौंपा गया। प्रचार प्रमुख दीपक शर्मा के अनुसार बैठक में प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संगठन की नीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए किसानों को हो रही समस्याओं बिजली और खाद कमी पर गंभीर मंथन किया गया। किसानों ने बताया कि दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे खेती कार्य प्रभावित हो रहा है। रबी फसल के दौरान गेहूं उपार्जन को लेकर भी रोष व्यक्त किया गया। किसान संघ ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 2700 प्रति क्विंटल गेहूं खरीद का वादा किया गया था, किंतु केंद्र सरकार के एमएसपी 2585 के बाद राज्य सरकार ने केवल 2600 प्रति क्विंटल ही तय किया, जो किसानों के साथ छल है। संघ ने मांग की कि वादे के अनुसार 2700 प्रति क्विंटल गेहूं की खरीदी की जाए, अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।




# कोतवाली पुलिस ने 99 लीटर अवैध शराब और कार जब्त की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 पेटी (99 लीटर) अवैध शराब एवं एक हुंडई एक्सेंट कार जब्त की है। इस कार्रवाई में एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया है। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन की लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दिनांक 24 दिसंबर को प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम बागरी रोड, बेस नदी के पास घेराबंदी कर एक सफेद हुंडई एक्सेंट वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 11 पेटी अवैध शराब बरामद की गई।

मौके से आरोपी भानू लोधी 30 वर्ष निवासी नरखेड़ाघाट, थाना नटेरन को गिरफ्तार किया गया।

## जिलेभर में चल रही भागवत कथाओं से बह रही भक्ति की बयार

# अजामिल और भक्त प्रहलाद से मिलती है प्रेरणा- आचार्य रविकृष्णा




**विदिशा।** परिणय गार्डन में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथा वाचक ने अजामिल की कथा सुनाई। महाराज जी ने कहा भक्त प्रहलाद जन्म से ही भगवत भक्ति में लीन हैं। आज के माता-पिता को जरूरत है छोटी सी उम्र में ही बच्चों को भगवान की भक्ति करना सिखाएं। इसके बाद उन्होंने समुद्र मंथन की कथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अमृत तो सब पीना चाहते हैं पर असल में जो जहर पिता है वही महादेव कहाते है। उन्होंने कहा कि जीवन में राम जी जैसी मर्यादा नहीं होगी। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, संजय पुरोहित, नारायण सिंह मटोलिया, मदन किशोर शर्मा, सतीश एलिया, विशाल कृष्ण शास्त्री, एश्वर्य शास्त्री, सुरेंद्र भार्गव आदि उपस्थित रहे।

### कथा के लिए निकाली कलश यात्रा

**नटेरन।** नटेरन से ग्राम नगतरा स्थित जिंदबाबा की टोरिया पर आयोजित होने जा रही श्रीमद्भागवत कथा के लिए बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नटेरन से प्रारंभ होकर ग्राम नगतरा तक पहुंची। इस दौरान दौरान नटेरन जनपद अध्यक्ष संगीता यशपाल रघुवंशी ने वृंदावन से पधारीं कथावाचिका विष्णु प्रिया का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा से समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता है। कलश यात्रा में आचार्य अभिषेक शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। श्रीमद्भागवत कथा 1 जनवरी तक प्रतिदिन चलेगी। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का विस्तृत वर्णन किया जाएगा। कलश यात्रा में ग्राम मूडरा एवं शेरपुर के सरपंच प्रदीप श्रीवास्तव, दीपक भार्गव, भूरा चौधरी, शिवा सोनी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

### तुलसी और शालिग्राम विवाह में महिलाओं ने पखारे पैर

**करारिया।** करारिया में चल रही 7 दिवसीय भागवत के कथा छठवें दिन गुरुवार को माता तुलसी और शालिग्राम का विवाह हुआ। कथा वाचक बद्री प्रसाद शास्त्री ने कहा कि तुलसी विवाह का आयोजन केवल धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि यह भक्ति, समर्पण और जीवन में संतुलन का प्रतीक है। भगवान शालिग्राम और तुलसी माता का यह विवाह भक्तों के जीवन में शुद्धता और प्रेम का संचार करता है। तुलसी विवाह में महिला श्रद्धालुओं द्वारा पांव पखड़ाई कि गई। ग्रामीण श्रद्धालु शालिग्राम जी की बारात लेकर कथा पंडाल तक पहुंचे सभी ने शालिग्राम जी का स्वागत सत्कार किया। कथा वाचक ने तुलसी विवाह प्रशंग सुनाया।

### उपाध्याय व वाजपेयी की जयंती मनाई गई

**ग्यारसपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दोनों महान नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रहित और जनकल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना लागू कर किसानों को सुलभ ऋण उपलब्ध कराया। पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी ने पोखरण परमाणु परीक्षण का उल्लेख करते हुए अटल जी को दृढ़ राष्ट्रवादी नेता थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

**गंज बासौदा।** भडेरू फाटक के पास अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने रात्रि के समय ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पहुंचे। शव पड़े होने की सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को शव वाहन से शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय ले जाया गया। जहां पीएम पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

### सराहनीय पहल

**गंजबासौदा।** विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं जसवंत सिंह रघुवंशी की माताजी के स्वर्गवास पश्चात रघुवंशी परिवार हरिपुर ने सभी कार्यक्रम पूरे विधि विधान से करने एवं तेरहवीं का विस्तृत रूप में न करके सूक्ष्म रूप में करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिससे वर्षों से चली आ रही प्रथा, कुप्रथा का रूप न ले। हरिपुर परिवार की यह पहल रघुवंशी समाज के लिए प्रेरणादायक रहेगी।

### मुख्य मार्गों के भव्य कलश यात्रा निकली



**गंजबासौदा।** गुरुवार को ग्राम बरेठ में सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। यह कथा 31 दिसंबर तक प्राचीन बड़ी माता मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। कलश यात्रा का शुभारंभ रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से हुआ।यात्रा में डीजे के साथ छोटे बच्चे हाथों में ध्वज लेकर चल रहे थे। मुख्य यजमान श्रीमद् भागवत ग्रंथ को सिर पर धारण किए हुए थे, जबकि गांव की महिलाएं सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा गांव के मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बड़ी माता मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में कथा के आयोजन से पहले विशेष पूजा की गई।श्रीमद् भागवत कथा का संगीतमय वाचन कथावाचक श्याम सुंदर महाराज द्वारा किया जाएगा। कथा के दौरान होने वाले धार्मिक अनुष्ठान पंडित विनायक कृष्ण शास्त्री संपन्न कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से होगी। कथा के शुभारंभ पर गांव के बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### योजनाओं की जानकारी लाभ बढ़ाने पर जोर

**गंजबासौदा।** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित परिसर में सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि उपायुक्त सहकारिता, जिला एवं बैंक प्रशासक ध्रुव कुमार झारिया रहे। विशेष अतिथि पूर्व बैंक अध्यक्ष अनिल ओसवाल और भाजपा कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी मौजूद रहे।बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परवेज फजलानी ने बैंकों के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से पात्र लोगों को कैसे लाभ मिल सकता है।

# वार्षिक श्रीरामलीला मेले का फीता काटकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में नगर पालिका द्वारा नागरिकों के मनोरंजन के लिए लगवाए जाने वाले श्रीराम लीला मेले का गुरूवार 25 दिसंबर की शाम नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने फीता काटकर एवं रामलीला के पात्र भगवान राम लक्ष्मण की पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया।
यहां उल्लेखनीय है कि नपा द्वारा प्रतिवर्ष नागरिकों के मनोरंजन के लिए श्रीराम लीला मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह मेला 25 दिसंबर से 14 जनवरी तक लगाया जा रहा है। जिसमें इस बार करीब 220 से अधिक दुकानें आवंटित की गई हैं। जिनमें खाने पीने, घरेलू आयटम, सौंदर्य प्रसाधन, बैग, कपडे, जनरल आयटम, जूता चप्पल, क्रॉकरी, निशानेबाजी, मिकी माउस सहित अन्य तरह की दुकानें नगर एवं बाहर से आए दुकानदारों द्वारा लगाई



जाएंगी। इसके अलावा मेले में ब्रेक डांस झूला, कमल झूला और मौत का कुंआ मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। मेले में रामलीला मंचन के साथ विभिन्न खेल गतिविधियां, सारेगामापा संगीत कार्यक्रम और समापन पर लोकगीत गायक जित्तू खरे का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। मेले के शुभारंभ पर मेला समिति अध्यक्ष, समिति सदस्य, पक्ष विपक्ष के पार्षदगण सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# विधायक रघुवंशी ने कराई मंडी व्यापारी व किसानों में सुलह




गंजबासौदा। कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों कृषि उपज मंडी में हुए व्यापारी और किसान के बीच विवाद का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया और दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इसी के साथ अब शुक्रवार को भी मंडी में डाक नीलामी नियमित रूप से चालू रहेगी। इस विवाद का निपटारा विधायक हरिसिंह रघुवंशी की उपस्थिति में हुआ है। जिसमें व्यापारियों द्वारा अपनी परेशानी और विषय को रखा गया और किसान को भी विधायक ने प्रमुखता से सुनकर दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता करवा दिया गया। वही मंडी सचिव को भी निर्देश दिए हैं कि इस पूरे मामले में शहर थाना प्रभारी को भी सूचना पत्र जारी करें।
ज्ञात हो कि मंगलवार को कृषि उपज मंडी में धान की डाक नीलामी के समय एक ट्राली पर बोली लगाने के बाद व्यापारी द्वारा कैंसिल करने के मामले में किसान द्वारा अपनी आपत्ति व्यक्त की गई थी। इसके बाद यह मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई भी हुई। उक्त मामले में सभी व्यापारियों द्वारा धान की नीलामी को बंद कर दिया गया और मंडी कमेटी को पत्राचार करते हुए किसान पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। इस दौरान जयस्तंभ चौक पर भी व्यापारियों द्वारा चक्का जाम किया। वहीं किसान के मामले में भारतीय किसान संघ ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए निष्पक्षता से कार्रवाई करने की बात कही और उन्होंने मंडी भार साधक सहित मंडी सचिव को भी इस विषय के लिए ज्ञापन दिया था। जिसमें उन्होंने किसान के ऊपर एफआईआर दर्ज करने के दबाव को लेकर विरोध में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। वहीं किसान और व्यापारी के बीच हुए विवाद के बाद अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ ने एफआईआर दर्ज न होने पर शुक्रवार से मंडी नीलामी न करने का निर्णय लिया था। मामले को बढते देख गुरुवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने इस मामले में दोनों पक्षों के बीच सुलह करवा दी। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने मंडी के अंदर आ रही व्यवहारिक परेशानियों को व्यापारियों से समझा और किसानों ने भी अपनी समस्याएं बताईं। इसके बाद प्रशासन ने भी इस मामले में कार्रवाई करते हुए डाक नीलामी करने वाले कर्मचारियों को हटा दिया। वहीं दो कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश दिए। देर शाम मंडी कमेटी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि किसान और व्यापारी के बीच हुए विवाद में सुलह हो गई है। अब शुक्रवार से मंडी में डाक नीलामी पूर्वानुसार जारी रहेगी।

### जयंती के अवसर पर नगर में अनेक स्थानों पर हुए कार्यक्रम आयोजित

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जननायक, भारतीय राजनीति के ओजस्वी व प्रखर वक्ता, प्रेरणास्त्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर नगर में अनेक आयोजन हुए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 14 एलबीएस कॉलेज परिसर में अटल उद्यान पहुँचकर माल्यार्पण कर पौधारोपण किया एवं वार्ड क्रमांक 11 में पूर्व जिला अध्यक्ष कार्यालय पर अटल बिहारी बाजपेयी की 101 वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया।
इस अवसर पर शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई का 101 वां जन्म दिवस, पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्म जयंती एवं योग गुरु बाबा रामदेव



गंजबासौदा। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारीगण

का जन्म दिवस तथा कॉमेडियन कलाकार राजू श्रीवास्तव का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी ने किया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म ग्वालियर में हुआ। वहीं मदन मोहन मालवीय का 164 पर जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें इस सदी का महानायक एवं जननायक बताया एवं उनके आदर्श एवं सिद्धांतों पर चलने का



गंजबासौदा। अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाते भाजपाई

संकल्प भी उपस्थित वक्ता एवं पाठकगण ने लिया।
कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। वहीं आरोग्य भारती द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती काशी मैरिज गार्डन महाराणा प्रताप चौक पर मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रांतीय सचिव ओम प्रकाश सोनी मुख्य रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर किया सम्मान



गंजबासौदा। चयनित छात्र का सम्मान करते विद्यालयीन स्टॉफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र निमित रघुवंशी का भारतीय वायु सेवा में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर स्कूल की संचालन समिति द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर प्रणय जैन, अशोक जैन, सत्येंद्र सिंह राजपूत, पंकज जैन एवं प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना द्वारा छात्र को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य इंदीवर जैन विशेष रूप से उपस्थित थे । संस्था के डायरेक्टर प्रणय जैन ने बताया कि हमारे विद्यालय के इस छात्र ने फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित होकर विद्यालय के साथ नगर का एवं जिले का भी नाम रोशन किया है। छात्र ने अपनी प्रतिभा और निरंतर परिश्रम और मेहनत के आधार पर भारतीय वायु सेवा में ऑल इंडिया लेवल पर 25वीं रैंक प्राप्त कर हम सब का गौरव बढ़ाया है तथा यह साबित किया है कि ईमानदारी और मेहनत से कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। गर्ल्स कॉलेज पूर्व प्राचार्य ने छात्र कि इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# शराब की दुकान हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्टेशन क्षेत्र में शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर गुरूवार को नागरिकों ने प्रदर्शन करते हुए एसडीएम के नाम तहसीलदार अरविंद यादव को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि रेलवे स्टेशन के राम जानकी मंदिर स्थित है जिससे कि नागरिकों की धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ हो रहा है। शराब दुकान के कारण आम नागरिकों, यात्रियों, महिलाओं, बच्चों एवं विद्यार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन एक सार्वजनिक एवं संवेदनशील स्थान है, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। उक्त शराब दुकान के कारण स्टेशन परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित होती है तथा कई बार झगड़े, गाली, गलौंज एवं



गंजबासौदा। ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी

अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे नगर की छवि भी धूमिल हो रही है तथा यात्रियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनहित एवं कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन परिसर से उक्त शराब दुकान को शीघ्र हटाया जाए। जिससे आम जनता को राहत मिल सके। ज्ञापन में कहा गया है कि इस बार एक दिवस धरना प्रदर्शन किया गया है। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो युवा कांग्रेस अनिश्चित कालीन प्रदर्शन करेगी। उक्त धरना प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस गोलू सेन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विज्ञान, पर्यावरण, कला और शिल्प से जुड़े मॉडल प्रस्तुत

**गंजबासौदा।** राजेंद्र नगर स्थित सांदीपनि विद्यालय में बुधवार को सृजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना था। बच्चों ने अपने हाथों से बनाए मॉडल, उपयोगी वस्तुएं, कलाकृतियां और नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए। इन्हें देखकर अभिभावक और अतिथि प्रभावित हुए। प्रदर्शनी में विज्ञान, पर्यावरण, कला और शिल्प से जुड़े मॉडल रखे गए। बच्चों ने अपनी रचनाओं के जरिए समाजोपयोगी संदेश भी दिए। इससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीओपी शिखा भालवी ने बच्चों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। वार्ड पार्षद मूलचंद अहिरवार, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा और बीआरसी बृजेश रघुवंशी ने भी बच्चों की सोच और प्रस्तुति की तारीफ की। प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचान दिलाना है।

# भगत प्रसाद महाराज को आमंत्रित करने सिंधी पंचायत के सदस्य भोपाल रवाना



गंजबासौदा। गुरु महाराज को आमंत्रित करने रवाना होते सिंधी समाजजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को पूज्य सिंधी पंचायत का 25 सदस्यीय जत्था जयपुर के अमरापुर दरबार के गुरु महाराज भगत प्रकाश महाराज को गंज बासौदा आने के लिए आमंत्रित करने के लिए भोपाल संत हिरदाराम नगर रवाना हुआ। गुरु महाराज का आगमन संत हिरदाराम नगर में हो रहा है और संत हिरदाराम नगर भोपाल का सिंधी समाज और संत स्वागत करने के लिए लालायित हैं। उल्लेखनीय है कि गुरु महाराज का आगमन प्रत्येक वर्ष भोपाल बैरागढ़ सहित इंदौर उज्जैन होता आया है उनके सेवकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सायंकाल 5 से 7 बजे तक उनके श्रीमुख से प्रवचन किये जायेंगे तत्पश्चात भंडारा आयोजित किया जाएगा। आमंत्रण करने इस जत्थे में सत्यपाल तनवानी, हेमनदास मंगवानी, प्रदीप खटवानी, सुरेश तनवानी, राकेश कटारिया, संजय वासवानी, नरेश कटारिया, दीपू घिघानी, दिलीप उधाणी, दीपू बलेचा, राकेश तनवानी, अनिल वासवानी सहित बड़ी संख्या में माताएं, बहिनें शामिल थीं।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राएं चयनित




गंजबासौदा। उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन की योजना के अंतर्गत 10 दिवसीय गुजरात भ्रमण के लिए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की खिलाड़ी छात्रा समीक्षा राठौर, साक्षी लोधी के चयनित होने पर प्राचार्य एमसी शर्मा, खेल शिक्षक एवं ब्लॉक खेल प्रभारी स्वतंत्र जैन सहित समस्त उत्कृष्ट विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं। चयनित छात्राओं को प्राचार्य एमसी शर्मा, खेल शिक्षक स्वतंत्र जैन, वरिष्ठ शिक्षक अनिल दुबे ने स्टेशन पहुंचकर विद्यालय की शिक्षिका दीप्ति श्रीवास्तव के साथ भोपाल रवाना किया। जहां से दल के साथ छात्राएं गुजरात भ्रमण के लिए प्रस्थान करेंगी। प्राचार्य एमसी शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय ऊंचाइयों को छू रहा है। हाल ही में राष्ट्रीय खेलों के लिए खिलाड़ी चयनित होकर महाराष्ट्र गए है, साथ ही एनएसएस के राष्ट्रीय कैंप के लिए दो विद्यार्थी हरियाणा में विद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# रक्त सेवा समिति का वार्षिक परिवार मिलन समारोह संपन्न



गंजबासौदा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम जीवाजीपुर में रक्त सेवा समिति का वार्षिक परिवार मिलन समारोह व वरिष्ट कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवा समिति के 25 वर्षों के उत्कृष्ट कार्यों की एक पत्रिका जीवन लय का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अधिकारी शिव नारायण सिंह, समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास , नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, वरिष्ट समाजसेवी कांति भाई शाह, विमल चंद्र ओसवाल ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन में समिति के वरिष्ट सदस्य अयोध्या प्रसाद दीक्षित, महेंद्र जैन बड़कुल, ऋषभ कुमार जैन का सम्मान किया गया। तत्पश्चात बेतवा की राहें पुस्तक के विशेषांक जीवन लय का लोकार्पण उपस्थित अतिथियों ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अधिकारी शिवनारायण सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सेवा समिति का कार्य अनुकरणीय है। रक्तदान से बड़ा कोई और दान जीवन में नहीं है। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास ने कहा कि समिति के संस्थापक राजेश तिवारी ने रक्त सेवा समिति के माध्यम से सेवा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि तिवारी वेदांत आश्रम द्वारा संचालित संस्कृत विद्यालय के बटुकों की फीस भी तिवारी के द्वारा दी जाती है। स्वागत भाषण समिति के सचिव अनिल दुबे के द्वारा किया गया।
कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र जैन ने किया एवं आभार समिति अध्यक्ष राकेश जैन के द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। वेदांत आश्रम के छात्रों ने संस्कृत के साथ अंग्रेजी भाषा में भाषण व कविता का पाठ किया। समिति के उपाध्यक्ष व नवांकुर स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित ने समिति के 25 वर्षों के कार्यों को विस्तार से बड़ी स्क्रीन पर दिखाया। इसके लिए नवांकुर स्कूल के छात्रों ने सेवा समिति के ऊपर एक गीत भी तैयार किया था, जिसे बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वयोवृद्ध अयोध्या प्रसाद 99 वर्ष की आयु में आयोजन में पधारे जिनका सम्मान समिति के संस्थापक सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक अतिथि व सैकड़ों की संख्या में समिति के सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### निःशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**गंजबासौदा।** मील रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय बापू राव अनवेकर एवं कुसुम अनेवेकर, प्रदीप एवं प्रवीण की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा एवं डॉ. रवि अहिरवार ने 178 से अधिक




मरीजों की नेत्रों की जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 65 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, 29 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 29 चश्मों का वितरण किया गया। ट्रस्ट ने 49 मरीजों को दवाइयां वितरित की, 37 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए एवं मरीजों की बीपी और शुगर जांच की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर गणेशराम रघुवंशी, डॉ. एके जैन, डॉ. राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल, रामबाबू राजपूत, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, डॉ. सुनील सेन , डॉ. रवि अहिरवार, हेमंत भंडारी, संजीव शर्मा, मुस्कान रघुवंशी सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विजय अरोरा, हेमंत भंडारी, सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली पर लगाई रेडियम पट्टी

**गंज बासौदा।** गुरुवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जय स्तंभ चौक से निकलने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम की पट्टियां लगाई गई एवं ट्रैक्टर चालकों को ट्रेक्टर ट्रॉली पर नंबर लिखवाने को कहा।

## जनपद स्तरीय सुशासन दिवस शिविर का आयोजन, विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी, मंच से बोले विधायक सप्रे

# 'अधिकारी न सुने, अच्छे से बात न करें तो मुझको फोन लगाएं'



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरोंज

सुशासन दिवस के उपलक्ष में कुरवाई विधानसभा के ग्राम पंचायत बरेज में जनपद स्तरीय सुशासन दिवस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामों में निवासरत ग्रामीण जो किसी कारणवश सरकारी कार्यालय नहीं आ सकते उनकी समस्याओं का निराकरण के लिए शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत में किया गया। इस अवसर पर शिविर में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जब हितग्राही किसी समस्या को लेकर आपके पास पहुंचे तो आप हितग्राहियों से अच्छे से बात करें। उनसे अच्छा व्यवहार करें। विधायक ने मंच से अपना नंबर सभी को देते हुए कहा कि अगर कोई अधिकारी आपसे अच्छे से बात ना करें तो मुझे वहीं से फोन लगा कर बताए। वही मौके पर उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त सख्त हिदायत देते हुए उन्होने कहा कि वह किसानों को समय पर बिजली पहुंचाएं और किसानों को अनावश्यक परेशान ना करें नहीं तो अच्छा नहीं होगा। शिविर में एसडीएम, तहसीलदार ,जनपद सीईओ सहित बिजली विभाग, जल विभाग, आंगनवाड़ी, स्वास्थ विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग आदि विभागो के अधिकारी कर्मचारी मौजदू रहे। वही अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं के बारे में मंच के माध्यम से हितग्राहियो को जानकारी दी। वही कई समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया तथा गंभीर समस्याओं का आवेदन लेकर समय सीमा पर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पथरिया मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह घटवार,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह,सीताराम सैनी,जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव,अरविंद बघेल,जनपद सदस्य बृजेंद्र सिंह,सरपंच भगवत सिंह राजपूत आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती मनाई

**सिरोंज**। नगर के वार्ड नंबर 16 के मतदान केंद्र क्रमांक 224 पर भारत रत्न स्व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी कन्ना ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि सिरोंज में भी अटल बिहारी वाजपेयी की आमसभा हो चुकी है उस समय हमारी पिता भैरोलाल पंथी पार्षद थे। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पारस तारण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नारान सिंह कुशवाह,मनमोहन

## सुशासन सप्ताह अंतर्गत नपा के आयोजित शिविर का समापन

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 25 नागरिकों ने किया रक्तदान



**सिरोंज**। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार 19 दिसम्वर से 25 दिसम्वर 2025 तक सुशासन सप्ताह मनाया गया। जिसमें 19 दिसम्वर से नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में नगर पालिका परिषद द्वारा शिविरों का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशानुसार एवं एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा के आदेशानुसार 25 दिसम्वर को बासोदा नाके बलेजा पेट्रोल पम्प के पास सम्पूर्ण नगर का जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजन में नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी सहित पार्षद गणों द्वारा सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन कर शिविर का आयोजन किया गया। आयेजित शिविर में समस्त विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन - वही सुशासन सप्ताह के अंतर्गत लगाए गए शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिमसें लगभग 450 लागों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। साथ ही शिविर में निःषुल्क ई.सी.जी. जांच की व्यवस्था भी की गई। जिसमें अनुभवी चिकित्सक द्वारा नागरिको की ई.सी.जी. जांच की गई। विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी नीरज पंथी अपनी पूरी टीम के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित रहे। जिसमें विशेषकर महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु दो अनुभवी महिला डॉक्टर भी उपस्थित रही। साथ ही जिला मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 25 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। आयोजित जनसमस्या शिविर में समस्त विभागों के 45 आवेदन प्राप्त हुए।

## निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में धूमधम से मनाया गया क्रिसमस पर्व



**सिरोंज**। निर्मला कॉन्वेन्ट हायर सेकेण्ड्री स्कूल में क्रिसमस त्योंहार के पूर्व धूमधाम से क्रिसमस का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गीत गाकर किया। इसके उपरांत विद्यालय के शिक्षक ऑगस्टीन अब्राहम के द्वारा क्रिसमस पर्व पर प्रकाश डालते हुए सेवा विनम्रता एवं करूणा जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा रंगारग नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा ईसा मसीह के जन्म पर आधारित लघु नाटिका की प्रस्तुति दी जिसे सभी ने बहुत सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के प्रबंधक, प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों एवं विद्यार्थियो के द्वारा केक काटकर ईसा मसीह का जन्मोत्सव मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी के द्वारा सागर डायोशिएशन के बिशप डॉ जेम्स अत्थीकलम के क्रिसमस संदेश का वाचन करते हुए कहा कि यीशु का जन्म मानव जाति के प्रति ईश्वर के असीम प्रेम का प्रतीक है। ईश्वर प्रत्येक व्यक्ति से व्यक्तिगत रूप से प्रेम करता है।

## वार्ड में मिलेगा मीठा व शुद्ध पानी

## सीएमओ व भाजपा नेता पंथी ने वार्ड 16 में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सिरोंज**। नगर के वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद प्रतिनिधि एंव भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी ने नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू के साथ वार्ड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वार्ड की साफ सफाई व्यवस्था को देखते हुए सामने खड़े होकर सफाई मित्रों से कार्य कराया और वार्ड की अन्य समस्याओं से भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू को अवगत कराया। साथ ही वार्ड में अमृत टू योजना के तहत पाइपलाइन का कार्य चल रहा है। उसका भी निरीक्षण किया गया और पाइपलाइन आने से वार्ड क्रमांक 16 के समस्त वार्डवासियों को जो वर्षों से बाग बगीचों में किछवाड़े में रहते थे एवं सारथी कॉलोनी में रहने वाले लोगों को मीठे पानी पीने की व्यवस्था की जा रही है। इसका सभी वार्ड के लोगों ने विधायक उमाकांत शर्मा का आभार व्यक्त किया एवं वार्ड पार्षद अंजनी तोषमणी पंथी की बड़ी उपलब्धि बताते हुए उनकी सराहना की। वही तोषमणी पंथी कन्ना वार्ड के पिछले 20 वर्षो से पार्षद हैं उन्होंने पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा के माध्यम से एवं वर्तमान विधायक उमाकांत शर्मा के द्रारा वार्ड में सड़क बिजली ओर पानी की भरपूर व्यवस्था की। वही वह शासन सभी योजनाओं का लाभ हमेशा वार्ड के लोगों को दिलवाने में हमेशा प्रयासरत रहते है।

## ठेकेदार द्वारा स्वीकृत मानक अनुसार नहीं किया जा रहा सड़क निर्माण कार्य

### सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीएमओ ने ठेकेदार को लगाई फटकार



**सिरोंज**। नगर के वार्ड क्रमांक 19 रावजी पथ पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा स्वीकृत मानक अनुसार कार्य नही किया जा रहा था। वही जैसे ही इसकी जानकारी नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू को लगी तो वह मौके पर पहुचें और उन्होने ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोई अनियमितताएं व लापरवाही नही बरती जाएगी। स्वीकृत मानक अनुसार सड़क की मोटाई 6 इंच होनी चाहिए। उसी अनुसार सड़क निर्माण कार्य किया जाए। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री भी ठेकेदार के पास मौके पर न मिलने पर सीएमओ ठेकेदार पर भडक उठें उन्होने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए में कल फिर निरीक्षण करने आउंगा।

## लिंक रोड पर फैले अतिक्रमण पर नपा की कार्रवाई



सिरोंज। नगर के लिंक रोड पर दोनो तरफ पसरे अतिक्रमण पर बुधवार शाम नपा की कार्यवाही देखने को मिली। नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने नपा अमले के साथ सड़क के दोनो तरफ अतिक्रमणकारियो द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। वही नपा सीएमओ श्री साहू द्वारा अतिक्रमणकारियो को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि पुनः यदि सड़क पर अतिक्रमण किया गया तो सामान तो जप्त होगा।

## किसान दिवस के अवसर पर खेतों में पहुंचकर किसानों का किया सम्मान

**सिरोंज**। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष एंव भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व संरपच वीरेन्द्र पालीवाल ने किसान दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत के समस्त किसानों के खेतो पर पहुचकर किसानों का स्वागत सम्मान कर मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह दिवस किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय किसानों के अधिकारों, कृषि सुधारों और ग्रामीण विकास को समर्पित किया।

# राज्यमंत्री ने उपहार में मिली सोने की अंगूठी बूथ अध्यक्ष को दे दी

### सोने की अंगूठी पाकर गदगद हो उठे भाजपा बूथ अध्यक्ष चौधरी

**लगभग 1400 बूथ लेवल कार्यकर्ताओं को मिली उपहार की विभिन्न सामग्री**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸ बरेली

क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने दो वर्ष कार्यकाल के दौरान उपहार सम्मान में मिली वस्तुओं को बूथ स्तर के त्रिदेव कार्यकर्ताओं के बीच वितरण कर अनूठी मिसाल पेश की है। भाजपा की विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यशाला कार्यक्रम के दौरान विधानसभा क्षेत्र के लगभग 1400 बूथ लेवल कार्यकर्ताओं को राज्य मंत्री ने मिली उपहार की विभिन्न सामग्री जिसमें प्रतिमाएं, चित्र, बर्तन, चांदी के सिक्के, गले में डालने वाले पट्टे शॉल इत्यादि का वितरण किया गया।

**सोने की मिली अंगूठी**

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि मुझे जो कुछ भी मिला है वह सब बूथ स्तर के देव तुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं की बदौलत मिला है मिली उपहार सामग्री पर आप सब भाजपा कार्यकर्ताओं का हक है। इसलिए इनका वितरण किया जा रहा है नूर नगर भाजपा मंडल के अंतर्गत आने वाले बम्होरी भूआंरी बूथ अध्यक्ष को लॉटरी सिस्टम से सोने की अंगूठी की पर्ची निकली हाथ में पहनी सोने की कीमती अंगूठी को राज्य मंत्री पटेल ने चौधरी को प्रदान की तो बूथ स्तर का कार्यकर्ता चौधरी अति प्रसन्न और गदगद हो उठा।

### कलयुग में राम कथा ही सभी प्रकार के कष्टों को हरने वाली: देवी रत्नमणि

## खरगोन में सात दिवसीय राम कथा प्रारंभ शोभा यात्रा का स्थान स्थान पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸ बरेली



तहसील के कस्बा खरगोन के खेरापति मंदिर प्रांगण में कलश शोभा यात्रा के साथ राम कथा प्रारंभ हुई। कथा प्रारंभ होने से पहले हनुमान मंदिर से लेकर खेड़ापति मंदिर प्रांगण तक महिलाओं समाजसेवियों भक्तों एवं बच्चों ने कलश यात्रा में भाग लिया कलश यात्रा का जगह-जगह पर धर्म प्रेमी बंधुओ ने स्वागत किया।

कथा के प्रथम दिवस कथा वाचन करते हुए नर्मदा भक्ति पंथ परिवार की अध्यक्ष देवी रत्नमणि द्विवेदी ने कहा कि कलयुग में राम कथा ही सभी प्रकार के कष्टों को हरने वाली है जो व्यक्ति अपने व्यस्ततम समय में से समय निकालकर भगवान की भक्ति में तल्लीन हो जाता है। वहीं इस भवसागर से पर हो पाता है।राम कथा के महत्व का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि कई जन्मों के पुण्यों का जब उदय होता है तब कहीं जाकर हम अपने जीवन में राम कथा का श्रवण कर पाते हैं । राम कथा मनुष्य के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन लेकर आती है यह हमें त्याग तपस्या एवं वचन निभाने जैसे मूल्य स्थापित करने में सहायक सिद्ध होती है । भगवान राम ने जीवन में जो जिया है वही हमें अपने जीवन में उतारने का प्रयत्न करना चाहिए। आज से प्रारंभ हुई कथा सप्त दिवस चलेगी।

# स्वदेशी संकल्प रथयात्रा का पुष्प वर्षा कर किया लोगों ने स्वागत

### स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की दिलाई शपथ संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸ बरेली




स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के नगर आगमन पर नगर के गणमान्य लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए जन जागरण हेतु निकली रथ यात्रा ने नगर की प्रमुख सडक़ों पर भ्रमण किया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने सभी से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने से होने वाले लाभ छोटे-छोटे दुकानदारों को होने वाले फायदे का विस्तार से वर्णन किया कहा कि स्वदेशी का घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जाना और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से देश समाज की आर्थिक उन्नति होगी स्वदेशी रथ यात्रा का नगर पंचायत, हिंदू उत्सव समिति सहित अन्य संगठनों द्वारा स्थान स्थान पर स्वागत किया गया।

**स्वदेशी अपनाने संकल्प और शपथ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फोर वोकल स्वदेशी वस्तुओं उत्पादन का उपयोग करने मुख्य मार्ग पर शपथ संकल्प का आयोजन हुआ। शपथ कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, व्यापारी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र मालवीय ,नगर पंचायत के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरीशकंर वर्मा,रणधीर चौधरी, सेवा भारती के वी एस धाकड़, पार्षद पूरन धाकड़,बीरेन्द्र धाकड ,सचिन शांडिल्य, केशव यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पति को बुलाने की मांग पर अड़ी रही पत्नी

# तीन दिन तक पति घर नहीं आया तो तीन बेटियों की मां पानी की ऊंची टंकी पर चढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸ बरेली



सबडिवीजन के उदयपुरा नगर में 27 वर्षीय पूजा धाकड़ का पति से विवाद और तीन दिनों से घर ना आने के कारण अपनी तीन बेटियों के साथ 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई। टंकी से नीचे उतरने के लिए पति को बुलाने की मांग पर अड़ी रही और घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

महिला तीन बेटियों के साथ पानी की ऊंची टंकी पर चढ़ी है खबर लगते ही भारी संख्या में नगर के लोग और पुलिस भी पानी की टंकी के पास पहुंच गए पुलिस ने महिला को नीचे आने के लिए समझाया। एक बेटी को गोद में लेकर उसे नीचे फेंकने की धमकी के कारण पुलिस द्वारा स्थानीय नागरिकों की मदद से एक बड़ा जाल टंकी के आसपास बिछाया गया यदि कोई टंकी से नीचे आता है तो उसे सुरक्षित बचाया जा सके।सूचना मिलने पर एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती भी पहुंचे मुकाती और नागरिकों की समझाइश पुलिस की सूझबूझ से महिला पानी की टंकी से नीचे तीन बेटियों के साथ आई और उसे थाने ले जाया गया।

**पति से प्रताड़ित महिला मामला दर्ज -**

थाने में तीन बेटियों के साथ पानी की टंकी पर चढ़ी महिला पूजा धाकड़ ने कहा कि पति उसे प्रताड़ित करता है खर्चा नहीं देता है।इस पर पुलिस ने पति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। जिस 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर महिला अपने तीन बेटियों के साथ चढ़ी टंकी की सीढियां हमेशा खुली रहती हैं। 6 माह पूर्व भी एक युवती पानी की टंकी पर चढक़र कूदने की धमकी दे चुकी थी। उस समय भी नागरिकों ने समझाइश देकर युवती को सकुशल नीचे उतारा गया था।

# प्राचीन श्रीजी मंदिर से निकली कलश एवं शोभायात्रा, स्थान-स्थान पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸ बरेली




श्रीजी महिला मंडल के तत्वाधान में आयोजित हो रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ होने से पूर्व नगर में कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी के साथ अन्य धार्मिक श्रद्धालुओं संगठनों द्वारा स्थान स्थान पर स्वागत पूजन किया गया।

श्रीजी महिला मंडल द्वारा सातवें वर्ष में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 25 दिसंबर गुरुवार से प्रारंभ हुई कथा ज्ञान यज्ञ का 31 दिसंबर बुधवार को समापन होगा। शक्ति नगर की मधुबन कॉलोनी कथा स्थल पर पहुंचने पर कलश यात्रा का समापन हुआ।

कथा स्थल पर कलश शोभायात्रा के समापन बाद श्रीमद् भागवत जी का आयोजन समिति यजमानों द्वारा विशेष पूजन की गई।प्रथम दिवस कथा व्यास मुकुंद माधव शास्त्री श्रीधाम वृंदावन ने भागवत कथा श्रवण के महत्व का विस्तार से वर्णन किया। आने वाले दिनों में कथा व्यास शास्त्री द्वारा संगीतमय मधुर वाणी में श्री कृष्ण की लीलाओं और प्रमुख प्रसंग का प्रतिदिन वर्णन किया जाएगा आयोजन समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं से प्रतिदिन कथा श्रवण करने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### भोपाल-विदिशा हाईवे पर भूसे से भरा ट्रक पलटा

**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र के भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर घोड़ापछाड़ पुल के आगे गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भूसे से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा सुबह करीब 9 बजे के आसपास हुआ। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में ट्रक चालक और क्लीनर ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। दोनों को मामूली चोटें आईं और कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### उधार पैसे देने से मना करने पर वृद्ध की हत्या

**गैरतगंज।** पुलिस चौकी गढ़ी थाना गैरतगंज के तहत डुंगरिया टावर निवासी नारायण सिंह लोधी उम्र 80, से यशपाल लोधी 23वर्ष पिता रघुवीर लोधी ने रूपये उधार मांगे तो नारायण सिंह ने मां बहन की गालीगलोंज कर मना कर दिया। इस रंजिश को लेकर खेत में रात के वक्त पानी फेर रहे वृद्ध नारायण सिंह लोधी गलाघोंट कर हत्या कर फरार हो गया। पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपी यशपाल लोधी को गुरुवार को दोपहर गिरफ्तार कर लिया और अपराध करना कबूल कर लिया। आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां उसकी जमानत अर्जी खारिज होने पर जेल भेज दिया।

### राज स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंबाडी के गांव सत्ती में बुधवार को राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हर विद्यार्थी ने अलग-अलग मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा विज्ञान, गणितीय अवधारणाओं, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छता और तकनीकी नवाचार से जुड़े कई आकर्षक व उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए गए।

### रायसेन, बेगमगंज व गैरतगंज में हुआ विशाल हिन्दू सम्मेलन, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

# खोड़के ने वसुदेव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना से मानवता को जोड़ने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला मुख्यालय सहित गैरतगंज, बेगमगंज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर प्रस्तावित हिन्दु सम्मेलनों का विशाल आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें क्षेत्र के सकल हिन्दू समाज के लोग शामिल हुए।

शहर की सागर रोड स्थित भगवती गार्डन में पाटनदेव बस्ती का हिन्दु सम्मेलन आयोजित किया गया। सर्वप्रथम बस्ती की मातृशक्ति एवं समाज बंधुओं द्वारा पाटनदेव हनुमान मंदिर से कलश यात्रा मुख्य मार्ग से भगवती गार्डन तक निकाली गई। कार्यक्रम स्थल में महापुरुषों की झांकियां, भव्य यज्ञ आहुतियां, प्रांगण में लहराते भगवा पताका, रंगोली, पंच परिवर्तन की प्रदर्शनी, गौउत्पाद प्रदर्शनी एवं अन्य प्रदर्शनी हिंदु सम्मेलन का आकर्षण रहीं। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में संत श्री महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 दीनबंधु दास महाराज, आरएसएस के प्रांत सह संपर्क प्रमुख गिरीश जोशी उपस्थित रहे। इसके अलावा मंच पर मिथलेश सोनी, प्रमोद कांकर, प्रताप पटेल, अशोक सेन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संत श्री महामंडलेश्वर जी महाराज ने कहा कि त्रेता एवं द्वापर में भगवान श्री राम एवं कृष्ण ने सामाजिक समरसता के अनेकों उदाहरण हैं, तो आज हम लोग क्यों समाजवाद में बटे हुए हैं, आज हम सभी को जात-पात, वर्ग-भेद को समाप्त करके संगठित होने की आवश्यकता है।




### हिंदू धर्म व संस्कृति की रक्षा से ही हिंदू समाज की विजयः सोलंकी




**रायसेन।** तहसील बेगमगंज मुख्यालय पर गुरुवार को आरएसएस के शताब्दी वर्ष में महाराणा प्रताप बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में रामनगर, श्यामनगर टेकरी श्रीहनुमान मंदिर एवं अयोध्या नगर श्रीदुर्गा मंदिर से कलश यात्राएं निकाली गईं। जो दशहरा मैदान कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, जहां विधिविधान से हवन पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। भारत माता की आरती एवं बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक की प्रस्तुति दी गई। सेवा भारती के द्वारा महापुरुषों की झांकी प्रदर्शित की गई।

मंचासीन अयोध्या से पधारे महान संत स्वामी महापति दास महाराज अयोध्या, अग्नि अखाड़ा के महंत श्रीश्री 108 श्री भोले स्वरूप ब्रह्मचारी बुदनी एवं सेवा भारती के संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी एवं शिक्षिका रत्ना शुक्ला रही। आरएसएस के सौ वर्षों के कठिन श्रम और साधना ओर संतो की प्रेरणा, आशीष से आज करोड़ो हिंदुओं के विशाल संगठन को खड़ा करने के साथ हिंदू समाज में समरसता ओर धर्मसत्ता की अलख जगाई है। उक्त उदगार अग्नि अखाड़ा के महंत श्रीश्री 108 श्री भोले स्वरूप ब्रह्मचारी बुदनी ने व्यक्त किया।

सेवा भारती के संगठन मंत्री मुख्य वक्ता सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने हिंदू समाज के पंच परिवर्तन के लिए प्रण-सामाजिक समरसता, सामूहिक परिवार, अनुशासित जीवनशैली, स्वदेशी भावना के लिए सभी का कर्तव्यबोध, पर्यावरण संरक्षण और हिंदू धर्म व संस्कृति की रक्षा से ही हिंदू समाज की विजय ओर विश्व का कल्याण बताया।

**संबोधन में कहा-** हिंदू हिंदू मिलजुलकर रहें

### भव्य हिंदू सम्मेलन का मानस प्रांगण में हुआ भव्य आयोजन

**गैरतगंज।** सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में नगर की राम बस्ती में गुरुवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिंदू सम्मेलन में बढ़-चढ़कर माता बहनों एवं युवाओं ने भाग लिया। जिले में हिंदू सम्मेलनों का आगाज 20 दिसंबर से हो गया है। आगामी 20 जनवरी तक समस्त मंडल एवं बस्ती में ऐसे ही विशाल हिन्दु सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। हिंदू सम्मेलन में विदिशा खंड के सह कार्यवाहक राजेंद्र खोड़के, वीर रस के कवि रुद्र प्रताप रुद्र, कार्यक्रम के आयोजक बृजेन्द्र पटेल (डिम्पल भैया) की उपस्थिति में सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उनके द्वारा हिंदू समाज में समरसता का भाव अति आवश्यक है तथा हिंदू हिंदू मिलकर रहे हिंदू समाज को आपस में बंटना नहीं है।



घर-घर संपर्क अभियान का आह्वान

### सम्मेलन की तैयारियों का हुआ शुभारंभ, बनाई गई रूपरेखा

**सिलवानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर देशभर में हिंदु सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर सिलवानी में भी आगामी 11 जनवरी को भव्य हिंदु सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों की औपचारिक शुरुआत गुरुवार को सांदीपनि विद्यालय के खेल मैदान पर भूमि पूजन कार्यक्रम के साथ की गई।



भूमिपूजन कार्यक्रम संघ के जिला कार्यवाहक राजेंद्र राजपूत, आयोजन समिति के संयोजक दीपेश जैन, अनगढ़ हनुमान मंदिर के पुजारी संजय शास्त्री एवं आनंद ठाकुर की उपस्थिति में विधि विधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

18 को होगा हिन्दु सम्मेलन

### ध्वजयात्रा से गूंजी बस्ती स्थल का भूमिपूजन

**सलामतपुर।** गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत सलामतपुर उपखंड में हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों के तहत भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सुबह 11 बजे द्वारकाधीश मंदिर चौराह से प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई श्रीराम नगर कालोनी के सामने ग्राउंड में समापन हुई। इस यात्रा में आस-पास गांवों से भी सैंकड़ों लोग शामिल हुए। गौरतलब है कि 18 जनवरी को सलामतपुर में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा।



### सेवा सहकारी समिति द्वारा कांटा पूजन किया

**सिलवानी।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिलवानी द्वारा श्री पारसनाथ वेयर हाउस उचेरा जमुनिया पर कांटा पूजन किया जाकर उपार्जन कार्य की विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर समिति प्रबंधक अशोक तिवारी, वेयरहाउस संचालक रामेश्वर जैन, मन्नू राजपूत, महेंद्र यादव धीरज यादव एवं किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों को धान उपार्जन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। समिति प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि उपार्जन कार्य पूरी पारदर्शिता और सुचारू रूप से संपन्न कराया जाएगा, जिससे किसानों को समय पर भुगतान और उचित लाभ मिल सके।

### साईखेड़ा में आध्यात्मिक चेतना का संगम- राष्ट्र शौर्य समृद्धि नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

अखिल भारतीय गायत्री परिवार हरिद्वार के मार्गदर्शन में तहसील क्षेत्र के ग्राम साईखेड़ा में नारी शक्तिकरण 2024-25 अभियान के अंतर्गत आयोजित राष्ट्र शौर्य समृद्धि नव कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का तीन दिवसीय आयोजन पूरे धार्मिक, आध्यात्मिक एवं



सामाजिक उत्साह के साथ जारी है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम बन रहा है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभावना और सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करने का भी कार्य कर रहा है।

महायज्ञ के द्वितीय दिवस गुरुवार को प्रातःकाल से ही वैदिक वातावरण निर्मित हो गया। मुख्य वक्ता रघुनाथ प्रसाद हजारी के सान्निध्य में संगीत टोली द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कर्मकाण्ड एवं यज्ञ अनुष्ठान विधिवत संपन्न कराए गए।

नव कुण्डीय यज्ञ में आहुतियों के साथ राष्ट्र की शांति, समृद्धि और सर्वांगीण विकास की कामना की गई। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की बड़ी उपस्थिति रही, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आया।

भागवत कथा का भी किया श्रवण

### विधायक पटेल ने कथा वाचक का सम्मान कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

अंचल के ग्राम पठा पोड़ी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचें तथा कथा वाचक पंडित कृष्णकांत शास्त्री के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। व्यासपीठ की विधिवत पूजा अर्चना की। तथा श्रद्धालुओं के बीच बैठ कर कथा का श्रवण भी किया।

यहां पर विधायक पटेल ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। कथा



आयोजन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजा धर्मवीर सिंह, पटेल महेश सिंह रघुवंशी मुआर, वीरेंद्र सिंह रघुवंशी मदनपुर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अजय पटेल, भरत पटेल, बिट्टू पटेल, राधे साहू काका, मनोज यादव, सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

# केवट ने भगवान श्रीराम को कराया गंगा पार, रामलीला देखने जुटी दर्शकों की भीड़

पांव परेउं यदि नाव हमारी। तौ पत्थर होइ जाई संसारी॥

» मिश्र तालाब पर गंगा तरण का दृश्य देख भाव विभोर हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में चल रही श्रीरामलीला में गुरुवार को गंगा अवतरण की लीला का मंचन हुआ। इस मार्मिक प्रसंग को देखने के लिए मिश्र तालाब घाट पर बड़ी संख्या में जनसमुदाय उमड़ा। अयोध्या के राजा दशरथ के आदेश पर भगवान श्रीराम, अनुज लक्ष्मण एवं माता सीता सहित 14 वर्ष के वनवास भोगने के लिए सुमंत के साथ रथ पर सवार होकर



वन जाने के लिए रवाना हुए।

अयोध्या से राजा दशरथ सेनापति सुमंत से बोले तुम मेरे प्राणों से प्रिय श्रीराम लखन लाल सीता को सिर्फ जंगल घुमाकर वापस अयोध्या नगरी ले आना। लेकिन श्री रामचंद्र पिता दशरथ को दिए हुए रघुकुल के वचन माता कैकेयी से किए गए वादे को निभाने 14 बरस वनवास भोगने के लिए जंगल रवाना हो गए। श्री रामचंद्र भगवान लक्ष्मण और सीता गंगा घाट पर पहुंचे, यहां केवट राज से गंगा पार कराने के लिए अनुरोध करने लगे। तब केवट राज ने उन्हें उनके चरण धोकर अपनी नाव पर चढ़ाया और गंगा पार कराया। श्री रामचन्द्र भगवान ने केवट राज को अंगूठी देकर नेग न्योछावर की रस्म पूरी की। केवट राज का अभिनय शहर के अशोक मांझी ने किया।

लीला में भगवान श्री राम, लखनलाल और माता जानकी नाव में सवार होकर गंगा पार उतरे। गंगा अवतरण की इस श्रीरामलीला को देखने लोगों की भीड़ मिश्र तालाब के तट पर जमा रही। इस मौके पर पूरा परिसर जय जय श्रीराम की जयकारों से गूंज उठा।

विधायक डॉ चौधरी ने किया माल्यार्पण

### पूर्व पीएम अटल जी की जयंती श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दीवानगंज में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, कार्यकर्ता, क्षेत्र के सरपंच और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और



लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। उनके द्वारा देशहित में लिए गए निर्णय आज भी मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम के दौरान उनके विचारों और योगदान को याद किया गया तथा सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

अंत में उपस्थितजनों ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई अमर रहें के नारे लगाकर कार्यक्रम का समापन किया।

### 101वीं जयंती पर अटल बिहारी बाजपेयी का किया स्मरण



**सिलवानी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती गुरुवार को नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह के साथ मनाई गई। अटल बिहारी वाजपेयी स्पोर्ट इंडोर स्टेडियम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कार्यकर्ताओ ने अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यो को गिनाया। तथा चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विभोर नायक, संजय मस्ताना, श्याम साहू, हिउस अध्यक्ष रानू सोनी, मोनू मतांबर, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, संदीप शर्मा, राजेंद्र सोनी, सुरेंद्र नेमा आदि मौजूद रहे।

जमुनिया खेजड़ा पर स्थित फैक्ट्री तक जाने रास्ता बंद

# ग्रामीणों ने रास्ता खुलवाने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले जमुनिया खेजड़ा में स्थित वेलस्पन फैक्ट्री तक पहुंचने वाला मुख्य रास्ता बंद किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है।

रास्ता बंद होने के कारण फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों, किसानों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा के आवागमन के साथ-साथ आपात स्थिति में भी लोगों को लंबा चक्कर लगाना मजबूरी बन गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता वर्षों से उपयोग में है, लेकिन हाल ही में इसे अवैध रूप से बंद कर दिया गया, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर





वेलस्पन फैक्ट्री के हरेंद्र सिकरवार को रास्ता खुलवाने के लिए आवेदन सौंपा है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की जल्द जांच कर रास्ते को तत्काल खुलवाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और फैक्ट्री तक सुचारु रूप से आवागमन बहाल हो।

**इनका कहना है**

फैक्ट्री तक जाने वाले रास्ते पर फैक्ट्री संचालक द्वारा पत्थर पटक दिए गए हैं। फैक्ट्री में निर्माण कार्य के चलते रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। जिससे ग्रामीण फैक्ट्री तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। - **भंवरी गुलशेर लोधी,** जनपद सदस्य।

**इनका कहना है**

फैक्ट्री संचालक द्वारा ग्रामीणों को काम भी नहीं दिया जा रहा है जिससे ग्रामीण परेशान हो रहे हैं जबकि फैक्ट्री जमुनिया खेजड़ा में स्थित है इसके बाद भी गांव के कई ग्रामीण बेरोजगार घूम रहे हैं। फैक्ट्री संचालक को गांव के ग्रामीणों को रोजगार देना चाहिए। - **रेखा राकेश आदिवासी,** सरपंच जमुनिया।

# सेंट फ्रांसिस चर्च में धूमधाम के साथ मनाया ईशा मसीह का जन्मोत्सव

**फादर बोले-** ईश्वर का संदेश प्रेम, सहयोग और करुणा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के सांची रोड स्थित सेंट फ्रांसिस चर्च में बीती बुधवार रात 12 बजे ईसाई समुदाय ने ईशा मसीह का जन्मोत्सव बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया।

जन्मोत्सव को लेकर चर्च को रंग बिरंगी लाइट एवं फूलों की लड़ियों से सजाया गया। समुदाय के लोगों ने चर्च में आकर प्रार्थना की एवं एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। यीशु मसीह की जन्म स्थली को दर्शाती एक आकर्षक क्रीप गोशाला झांकी भी बनाई गई, जो धर्मावलंबियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। 30 फीट से अधिक ऊंचा क्रिसमस ट्री भी तैयार किया गया था।



फादर अभिलाष ने बताया कि बुधवार रात 12 बजे चर्च में विशेष प्रार्थना आयोजित की गई। इसके बाद धर्मावलंबियों ने केक काटकर प्रभु यीशु के जन्म का उत्सव मनाया। लोगों ने क्रिसमस के गीत गाए और एक-दूसरे को बधाई दी। चर्च परिसर में समाज के सदस्यों ने खुशी में नृत्य भी किया।

फादर ने यह भी बताया कि गुरुवार को दिन भर बधाई देने का सिलसिला जारी रहेगा।